# सूचना Information

1. परीक्षा किसी भी पाठ्यपुस्तक पर आधारित नहीं होती।
   Test will not be based on any text book.
2. कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु तीन मुख्य विषयों की परीक्षा ली जाती है –
   For entrance in classes 6 and 9 a candidate will be tested in three main subjects - Hindi, English and Mathematics.
3. प्रत्येक प्रश्न–पत्र की समयावधि एक घण्टा होगी।
   Each paper will be of one hour duration.
4. गणित का प्रश्न–पत्र द्विभाषिक होगा।
   Question paper in Mathematics will be bilingual.
5. प्रवेश परीक्षा का आधार
   – कक्षा 6 के लिए कक्षा 5 का स्तर होगा।
   – कक्षा 9 के लिए कक्षा 8 का स्तर होगा।
   Eligibility test will be based on the knowledge of
   - Class 5 for entrance in class 6
   - Class 8 for entrance in class 9
6. प्रवेश परीक्षा में भाषिक ज्ञान में सामान्य प्रश्न पूछे जाएँगे। व्याकरण, अपठित गद्यांश, पत्र एवं निबंध आदि के द्वारा बच्चे की भाषा एवं भाषिक ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।
   In language following areas will be covered
   - Comprehension
   - Free Expression
   - Grammar
7. गणित की प्रवेश परीक्षा में तार्किक, गणना, अनुप्रयोग एवं समझ पर आधारित प्रश्न होंगे।
   In Mathematics following skills will be tested
   - Reasoning
   - Understanding
   - Application
   - Computing

# कक्षा – 9
# विषय – हिन्दी

**समय : 1.00 घंटा** **पूर्णांक : 50**

**निर्देश :–**

1. *इस प्रश्न–पत्र पर कुछ नहीं लिखना है। सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका पर लिखने हैं*
2. *प्रश्न और निर्देश सावधानी से पढ़िये तथा उनके अनुसार उत्तर लिखिए।*

1. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग लिखिये। 2

(क) तेजस्वी

(ख) धावक

2. निम्नलिखित शब्दों के विशेषण लिखिये। 2

(क) चमक

(ख) मूल्य

3. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द युग्म विलोम नहीं है। 2

1. (क) भला–बुरा

   (ख) हार–जीत

   (ग) अति–अल्प

   (घ) अवनि–धरती

2. (क) अपकार–उपकार

   (ख) यश–अपयश

   (ग) अचेतन–जड़

   (घ) अगम–सुगम

4. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिये। 2

(क) अहरनिस

(ख) उद्योग

*P.T.O*

5. दो अलग–अलग शब्द लिखिये जिसमें उपसर्ग एवं प्रत्यय दोनों लगे हों। 2

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिये। 2

(क) बहुत समय से परिचित

(ख) जिस रोग का इलाज न किया जा सके

7. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ भेद लिखिये। 4

(क) नीर–नीरद

(ख) पर्ण–प्रण

8. निम्नलिखित अंश में विराम चिह्न लगाइये। 4

मुझे रामधारी सिंह दिनकर सबसे प्रिय कवि लगते हैं इसका कारण है उनकी कविताओं में ओजस्वी स्वर उनकी कविताओं में संघर्ष की शक्ति है

9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 4

(क) मैंने तरह–तरह की नौकरी की।

(ख) मेरे को पुस्तक चाहिए।

(ग) प्रत्येक प्राणी को स्वयं आत्मनिर्भर होना चाहिए।

(घ) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवि है।

10. निम्न में से कौनसा शब्द पर्याय नहीं है। 2

(1) अंधकार –

(क) अंधेरा (ख) तिमिर (ग) अरूण (घ) तमस

(2) कमल –

(क) त्याज्य (ख) जलज (ग) पंकज (घ) अब्ज

11. 'कथनीय' शब्द में सही प्रत्यय का चयन कीजिए – 1

(क) नीय (ख) इय (ग) ईय (घ) अनीय

*P.T.O*

12. कौनसा शब्द भाववाचक संज्ञा है? 1

(क) बचपन (ख) अपना (ग) स्त्री (घ) मित्र

13. निम्न में से कौनसा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा से बना है? 2

(क) बनारसी (ख) अपनापन (ग) आलसी (घ) निज

14. 'प्रत्यूष' शब्द का सही संधि–विच्छेद है – 1

(क) प्रति+उष (ख) प्रति+ऊष (ग) प्रत्य+उष (घ) प्रत्य+ऊष

15. 'अपना स्वार्थ पूरा करना' अर्थ का द्योतक मुहावरा कौनसा है? 1

(क) अपनी खिचड़ी अलग पकाना।

(ख) अपना राग अलापना।

(ग) अपना उल्लू सीधा करना।

(घ) अड़ियल टट्टू।

16. 'उल्टी गंगा बहाने' का क्या अर्थ है? 1

(क) रीति से विपरीत कार्य करना।

(ख) अन्य के संकट को अपने ऊपर लेना।

(ग) किसी का अहित सोचना।

(घ) किसी की बात पर ध्यान ना देना।

17. 'दुहरा फायदा' भाव को प्रकट करने वाली लोकोक्ति कौनसी है? 1

(क) आधा तीतर आधा बटेर।

(ख) आम के आम गुठलियों के दाम।

(ग) उल्टे बाँस बरेली को।

(घ) एक पंथ दो काज।

18. कुसंगति से बचने के उपाय बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिये। 5

19. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 100 शब्दों का एक सारगर्भित लेख लिखिए। 5

(क) मेरा देश महान

(ख) प्रदूषण विनाशकारी समस्या

(ग) जीवन में खेलों का महत्त्व

(घ) सच्चा मित्र

20. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

किसी देश की उन्नति एवं अवनति उस देश के साहित्य पर ही अवलंबित है। चाहे वह देश को उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे। कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है। वह निर्जीव जाति में प्राण प्रतिष्ठा करता है तथा निराशा पूर्ण ह्रदय में आशा का संचार करता है। वही राजनीति को प्रेरणा देता है तथा राजनीतिज्ञों का पथ प्रदर्शन करता है। वही अतीत के गौरव गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है; वह सोई हुई जाति को जगाता है और उत्साह का संचार करता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 2

(ग) कवि देश के लिए क्या–क्या करता है? 1½

(घ) 'अवनति' शब्द कौन से उपसर्ग से बना है? उसी उपसर्ग का प्रयोग करते हुए दो नवीन शब्द बनाइए। 1½

—————

# Class 9th
# Subject - English

**Time 1:00 Hour** **M.M. 50**

**Note :-**

(i) *No mark is to be made on the question paper.*
(ii) *You will be given a separate answer sheet. Read the questions and write the answers on the answer sheet with correct question number.*
(iii) *Maximum marks for each question have been shown against each question.*

1. Fill up the blanks with the words given below :- 5

Beautiful, each, better, oldest, highest

(i) Which is the___________school in your city ?
(ii) This pencil is___________than that.
(iii) Mount Everest is the___________peak of the Himalayas.
(iv) ___________boy was given a prize.
(v) This is a___________flower.

2. Fill up the blanks with 'a', 'an', or 'the'. 5

(i) ___________honest man is liked by all.
(ii) ___________Ganges is a sacred river.
(iii) This is___________expensive pen.
(iv) She wears___________golden ring.
(v) He is___________best boy of our class.

3. Fill up the blanks with suitable words given below :- 5

Where, how many, did, which, why

(i) ___________you go for a walk yesterday ?
(ii) ___________of these pictures do you like ?
(iii) ___________paise make a rupee ?
(iv) ___________is Raj absent today ?
(v) ___________do you live ?

4. Make sentences using the following words :- 5

(i) Teacher
(ii) Night
(iii) Happy
(iv) Country
(v) Flower

5. Write the opposite genders of the words given below :- 5

(i) King
(ii) Brother

(iii) Tiger
(iv) He
(v) Uncle

6. Fill up the blanks with suitable words given below :- 5

After, under, at, for, into

(i) I get up___________six O'clock.
(ii) He came back___________a year.
(iii) The dog went___________a house.
(iv) The book is lying___________the table.
(v) Please excuse me___________coming late.

7. Complete the sentences with the words opposite in meaning to the underlined words :- 5

(i) Ashok got up <u>early</u> but he was_____________for school.
(ii) When you climb, look <u>up</u> never look_____________
(iii) Iron is <u>heavy</u> but cotton is_____________
(iv) Science has made <u>impossible</u> things_____________
(v) She is <u>beautiful</u> but her husband is_____________

8. Fill up the blanks with the Past Tense of the verbs given in brackets :- 5

(i) The parrot_____________away. (fly)
(ii) The peon_____________the bell. (ring)
(iii) They_____________down the tree. (cut)
(iv) I_____________football yesterday. (play)
(v) I_____________her yesterday. (meet)

9. Write a letter to your uncle thanking him for the gift he has sent on your birthday. 5

10. Read the passage and answer the questions given below :- 5

Knowledgeable Akbar was the greatest of Mughal emperors. He was a great man and a great king. So he was called 'Akbar the Great'. He did not go to a school or college but he was highly learned. He tried to unite Hindus and Muslims into one nation. He ruled wisely and well with the help of a team of able ministers. Birbal was very free with the emperor and amused him with his funny stories. Sometimes when Akbar acted foolishly, Birbal taught him to act justly and wisely.

(i) Why was Akbar called 'Akbar the Great' ?
(ii) What did Akbar try for Hindus and Muslims ?
(iii) Who was Birbal ?
(iv) How did Birbal amuse Akbar ?
(v) Was Birbal a wise man ?

-------

# Class 9th
# विषय Subject - गणित Mathematics

**समय Time : 1 घण्टा Hour** **पूर्णांक M.M. : 50**

**निर्देश Instructions :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िये।*

1. *उत्तर लिखने के लिये अलग से पुस्तिका दी जायेगी। इस प्रश्न–पत्र पर कहीं भी किसी प्रकार का निशान नहीं लगाना है।*
2. *उत्तरपुस्तिका में प्रश्न संख्या के साथ प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिये।*
3. *भाग (घ) के प्रश्नों के हल पूरी प्रक्रिया सहित उत्तरपुस्तिका में लिखने हैं।*

## ( क )

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के साथ उसके चार सम्भावित उत्तर दिये गये हैं। उनमें से केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर छाँटकर उसका क्रमाक्षर पुस्तिका में लिखिये। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

Every question from Q. 1 to 10 carries four possible answers. Only one of them is coorect. choose it and write its serial No. in answer book. Each question carries 1 mark.

1. 1.1 का वर्ग है 1

The square of 1.1 is

(i) 12.1 (ii) 1.21 (iii) .121 (iv) 121

2. $3x$ तथा $4x^3$ का गुणनफल है – 1

Product of $3x$ and $4x^3$ is

(i) $12x^3$ (ii) $36x^4$ (iii) $12x^4$ (iv) $12x^5$

3. कौनसी संख्या परिमेय नहीं है? 1

Which number is not rational

(i) $\sqrt{4}$ (ii) $\sqrt{-2}$ (iii) -6 (iv) $(-27)^{1/3}$

4. कौनसी आवर्ती संख्या है? 1

Which number is recurring

(i) .333.......
(ii) .379805______
(iii) .31411411411114______
(iv) .759321_______

5. त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात करने का सूत्र है। 1

Formula for Finding area of a triangle.

(i) आधार × ऊँचाई (base×height) (ii) आधार × $(\text{ऊँचाई})^2$ (base×$(\text{height})^2$)

(iii) ½(आधार × ऊँचाई) ½ (base×height) (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं (None of these)

6. $4x^2y + x^2 - 2y^2$ की घात है। 1

The degree of $4x^2y + x^2 - 2y^2$ is

(i) 2 (ii) 3 (iii) 4 (iv) -2

7. $(-1)^{128} + (-1)^{421}$ समतुल्य है। 1

$(-1)^{128} + (-1)^{421}$ is equivalent to

(i) 1 (ii) -1 (iii) 2 (iv) 0

8. a त्रिज्या वाले वृत्त का क्षेत्रफल होगा। 1

The area of a circle having radius a will be

(i) $\pi a^2$ (ii) $\frac{1}{2}\pi a^2$ (iii) $\frac{1}{4}\pi a^2$ (iv) $4a^2\pi$

9. यदि $3 : 5 = 30 : x$ तो x का मान होगा। 1

If $3 : 5 = 30 : x$, Then value of x will be

(i) 16 (ii) 50 (iii) 2 (iv) 25

10. यदि $x - \frac{x}{2} = \frac{5}{2}$ तो x का मान होगा। 1

If $x - \frac{x}{2} = \frac{5}{2}$ then value of x will be

(i) 5 (ii) 3 (iii) 7 (iv) -5

## ( ख )

इस भाग के प्रश्न 11 से 20 तक को संक्षिप्त रूप से अपनी उत्तरपुस्तिका में हल कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

Solve briefly Question from 11 to 20 in your answer book. Each question carries 2 marks each.

11. यदि $x - \frac{1}{x} = 8$ तो $x^2 + \frac{1}{x^2}$ का मान ज्ञात करो। 2

If $x - \frac{1}{x} = 8$, then evaluate $x^2 + \frac{1}{x^2}$

12. एक साइकिल का पहिया 800 चक्कर लगाता है। यदि पहिये की त्रिज्या 0.7 मीटर हो तो तय की गयी दूरी ज्ञात करो। 2

The wheel of a cycle makes 800 revolutions. The radius of wheel is 0.7 meter. The distance covered will be

13. $3\frac{1}{2}$ किग्रा गेहूँ का मूल्य 63 रुपये है। $1\frac{1}{4}$ किग्रा गेहूँ का मूल्य कितना होगा? 2

The cost of $3\frac{1}{2}$ kg wheat is Rs. 63. What will be the cost of $1\frac{1}{4}$ kg wheat ?

14. सरल कीजिए $\left[\left(\frac{4}{7}\right)^{8}\right]^{0}$ 1

Simplify $\left[\left(\frac{4}{7}\right)^{8}\right]^{0}$

15. एक वर्ग का क्षेत्रफल 59536 वर्ग मीटर है। इसकी भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए। 2

The area of a square is 59536 square meter. Find the length of its side.

16. 682 में से कम से कम क्या घटाया जाये कि प्राप्त संख्या एक पूर्ण घन हो। 2

Find the smallest number that must be subtracted from 682 to make it a perfect cube.

17. $3x^2y^5 \times 2x^3$ का मान ज्ञात कीजिए जबकि x=5 और $y=\frac{2}{5}$ 2

Evaluate $3x^2y^5 \times 2x^3$ if x = 5 and $y=\frac{2}{5}$

18. $(a^2 + 9b^2 - 6ab) - 4c^2$ का गुणनखण्ड कीजिए। 2

Factorise $(a^2 + 9b^2 - 6ab) - 4c^2$

19. किसी संख्या का एक तिहाई 5 से 4 अधिक है। संख्या ज्ञात कीजिए। 2

One third of a number is 4 more than 5 then find the number.

20. मोना का वेतन श्रुति के वेतन से 10% अधिक है। श्रुति की आय मोना की आय से कितना प्रतिशत कम है? 2

Mona's salary is 10% more than Shruti's. How much percent is Shruti's income less than Mona's.

**( ग )**

प्रश्न 21 से 24 प्रत्येक 3 अंक का है। इन्हें विस्तार पूर्वक अपनी उत्तरपुस्तिका में हल कीजिए।

Q. 21 to 24 carries 3 marks each. Solve these in your answer book.

21. हेमा ने पंकज को 40960 रुपये चक्रवृद्धि ब्याज पर उधार दिये यदि ब्याज की दर 6¼% प्रतिवर्ष हो तो पंकज 3 वर्ष पश्चात् हेमा को कितनी राशि का भुगतान करेगा। 3

Hema rent Rs. 40960 to Pankaj at the rate of 6¼% per annum compound interest. Find the amount payable by Pankaj to Hema after 3 years.

22. 60 गायें एक मैदान को 12 दिनों में चर सकती है। कितनी गायें उस मैदान को 18 दिनों में चर लेंगी? 3

60 Cows can graze a field in 12 days. How many cows will graze the same field in 18 days.

23. किसी समान्तर चतुर्भुज का परिमाप 80 मीटर है। यदि इसकी बड़ी भुजा, छोटी भुजा से 10 मीटर अधिक लम्बी हो तो समान्तर चतुर्भुज के भुजाओं की लम्बाई ज्ञात कीजिए। 3

The perimeter of a parallelogram is 80 m. If the longer side is 10 m greater than the shorter side. Find the lengths of the sides of the parallelogram.

24. एक आयताकार कमरा 3.2 मीटर लम्बा, 2.8 मीटर चौड़ा और 2.4 मीटर ऊँचा है। इस कमरे की चारों दीवारों पर 15 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से रंगाई करवाने का व्यय ज्ञात कीजिए। 3

A rectangular room measuring 3.2 m by 2.8 m has a height 2.4 m. The walls of the room are to be painted. Find the cost of painting the walls at Rs. 15 per square meter.

**( घ )**

प्रश्न 25 से 26 में प्रत्येक 4 अंक का है।

Q. 25 to 26 carries 4 marks each.

25. एक रोड़ रोलर 140 सेमी लम्बा है। इसका व्यास 84 सेमी है। यह सड़क को एक बार में ही समतल कर देने में 1000 पूरे चक्कर लगाता है। 50 रुपये प्रति 100 वर्ग मीटर की दर से सड़क को समतल कराने का व्यय ज्ञात कीजिए। 4

A road roller is 140 cm. long. It's diameter is 84 cm. It takes 1000 complete revolutions once over to level the road. Find the cost of levelling the road at Rs. 50. per 100 square meters.

26. 500 रुपये की राशि को रीता और सीमा के बीच इस प्रकार बाँटिये की रीता को प्राप्त हुई राशि का एक तिहाई सीमा को प्राप्त हुई राशि के आधे के बराबर हो। 4

Divide Rs. 500 between Rita and Seema such that one third share of Rita and half share of Sima are equal.

---------